यहाँ से आइये हम आटो रिक्शा से बंगलोर के प्रसिद्ध उद्यान लालबाग चलें। लालबाग कर्नाटक ही नही, अपितु भारत के विशालतम उद्यानों में से एक है। लगभग २४० एकड़ के भूमि खण्ड पर कलात्मक पुष्प-क्यारियों, घास के लानों, सुन्दर फव्वारों और विश्राम-स्थलों से शोभित यह उद्यान किसे मोहित नहीं करता। गेट से घुसने पर दाई ओर कमल और कुमुदिनी से भरा यह विशाल सरोवर, लानों के बीच से चमचमाती साफ सुथरी सड़कें, पहरेदारों जैसे खड़े गगनचुम्बी यूकलिप्टस तथा अन्य दुर्लभ वृक्षों की पक्तियाँ, सैकड़ों जातियों के मनोहारी गुलाबों के झाड़, देश-विदेश तथा सुदूर स्थानों से लाकर लगाये गये दुर्लभ वृक्ष एवं पौधे उद्यान शास्त्रियों तथा वनस्पति विज्ञान के विद्यार्थियों को ही आकृष्ट नहीं करते, सामान्य जन-मानस को भी आल्हादित करते हैं।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

लालबाग का निर्माण हैदरअली ने सन् १७६० में शाही बाग के रूप में कराया था जिसे सन् १८५६ में राज्य वनस्पति उद्यान में परिवर्तित कर दिया गया। परवर्ती काल में मैसूर नरेश कृष्णराजा वादियार ने इसमें ग्लास हाउस (काँच भवन) बनवाया।

अब हम चल रहे हैं यहां की प्रसिद्ध महात्मा गांधी रोड पर। यह यहां का बहुत बड़ा आधुनिक बाजार है। यहां का राजकीय आर्ट्स और क्राफ्ट्स इम्पोरियम इसी रोड पर है। कर्नाटक के हस्त कला कौशल, हाथी दाँत, चन्दन तथा बांस की बनी कलात्मक वस्तुयें, पीतल के बर्तन, आभूषण, हैंडलूम सिल्क, अगरबत्तियां एवं सुगन्धित द्रव्य आदि का यह अद्वितीय प्रदर्शन एव विक्रय केन्द्र है।

With best Compliments of

THE RESTAURANT
FOR THE FAMILY

Grant Road, Bangalore

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

अब हम कृष्ण राजेन्द्र मार्केट (सिटी मार्केट) चलते हैं। टाउन हाल सर्किल से आगे बढ़ने पर महापालिका भवन के सामने चौड़ी सड़क के बीच की छोटी सी सुन्दर पार्क में जो बड़ी मूर्ति दिखाई पड़ रही है वह विजयनगर साम्राज्य के सेनानायक केम्पेगोडा की है जिन्होंने सन् १५३७ में बँगलौर बसाया था।

आगे उस बड़े सर्किल के पास दाहिनी ओर कृष्ण राजेन्द्र मार्केट (सिटी मार्केट) है। सड़क पार करके उधर चलना है। पर सड़क के ऊपर से पैदल चलने वालों को सड़क पार करने की मनाही है। सुरंग मार्ग द्वारा हम उधर चलते हैं।

सिटी मार्केट में आपको फल-तरकारी से लेकर बर्तन आदि सभी कुछ मिलेगा। यहाँ को फूल मालाओं की हाट बहुत बड़ी है। उसमें घुसते ही सुगंध से मन प्रफुल्लित हो उठता है।

सिटी मार्केट के निकट ही कैलासीपलैयम में बंगलौर का प्राइवेट बसों का सबसे बड़ा स्टेशन है।

सिटी मार्केट के ठीक सामने हास्पिटल के बगल में वह ऊंची चहार दीवारी यहां के सुप्रसिद्ध दुर्ग की है। इसे आरम्भ में बंगलौर के संस्थापक केम्पेगोडा ने कच्ची मिट्टी से बनवाया था जिसे बाद को टीपू सुल्तान ने पत्थर के किले में परिवर्तित करा दिया था।

किले से लगभग १ किलोमीटर की दूरी पर बना यह टीपू सुल्तान का प्रसिद्ध महल है। इसके कलात्मक स्तम्भ तथा दीवारों की चित्रकारी दर्शनीय है।

यहाँ से हम चलेंगे गवी गंगाधरेश्वर गुफा मन्दिर। छोटी सी उस पहाड़ी पर चलिये। पतले गलियारे को पार करके जो चहारदीवारी दिखाई पड़ रही है वह गुफा मन्दिर का परकोटा है। भीतर गुफा काट कर मन्दिर का निर्माण हुआ है। मन्दिर के पीछे की ओर का भाग बहुत संकरा और नीचा है। परिक्रमा करने वालों को एक स्थान पर तो

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

लगभग बैठकर ही वहां से निकलना पड़ता है।

मुख्य मन्दिर में शिव तथा नन्दी की विशाल प्रतिमायें हैं जो चट्टान काटकर बनाई गई हैं। यहाँ अग्निदेवी की सुप्रसिद्ध मूर्ति है जो अपने ढंग की भारत में अकेली है। यह काले पत्थर की लगभग दो फुट की सुन्दर मूर्ति है। इसके सात हाथ, तीन पैर, दो शीश तथा शीश पर सींघों के आकार के मुकुट हैं। एक दूसरी अद्वितीय मूर्ति है—शक्ति गणेश की। इसकी १२ भुजायें हैं जिनमें शस्त्र है।

यहां से निकट ही है प्रसिद्ध नन्दी मन्दिर जिसे विश्वेश्वर मन्दिर भी कहते हैं। यहाँ १५ फुट लम्बी नन्दी की प्रस्तर मूर्ति है।

अब हम आपको ले चलते हैं प्रसिद्ध अस्लूर झील। संध्याकालीन सूर्य की सिंदूरी किरणों में नन्हीं लहरों पर तैरती नावें, तट के आसपास की मनोरम हरियाली और रंग-बिरंगे परिधानों में सजी-सँवरी आमोद-मग्न नर-नारियों की जोड़ियां भला किसके नेत्रोंसुख को नहीं देतीं।

रात घिर रही है, आप थक भी गये होंगे। आटो रिक्शा से अब हम लौट चलें नियोन लाईट की जगमगाहट से भरी सड़कों, बाजारों और आमोदगृहों को पार करते हुए होटल की ओर! ●



CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

बंगलौर



औद्योगिक प्रगति के सोपान पर

कर्नाटक राज्य की राजधानी बँगलौर की गणना भारत की सुन्दरतम महानगरियों में है। अद्वितीय प्राकृतिक सुषमा—हरी-भरी पहाड़ियों, झरनों, उद्यानों, सरोवरों से आवेष्ठित तथा आधुनिक सुख-सुविधाओं, साज-सामान तथा आलीशान भवनों से शोभित यह नगर बरबस ही किसी पर्यटक को आकृष्ट करता है।

एक विशाल औद्योगिक महानगर होते हुए भी यहाँ का शान्त वातावरण एवं अपेक्षाकृत न्यूनतम अपराधवृत्ति का होना बँगलौर की विशेषता है। यह यहां के निवासियों के सांस्कृतिक मूल्यों, सामाजिक चेतना तथा कर्तव्यनिष्ठा का भी द्योतक है।

भारत की महानगरियों में

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

बँगलौर सबसे कम आयु का नगर है। यद्यपि इसके संस्थापक-विजयनगर साम्राज्य के प्रसिद्ध सेनानायक, केम्पेगोडा ने सैन्य-आवश्यकताओं को ध्यान में रख कर सन् १५३७ में इसे बसाया था और यहां एक दुर्ग भी बनवाया था किन्तु उस समय यह एक छोटी सी सैनिक बस्ती मात्र ही था उसे नगर कहना अनुचित होगा। उस समय उसका क्षेत्रफल १०,००० वर्ग गज मात्र था। यहाँ तक कि हैदर अली और टीपू सुल्तान के शासन काल में भी (लगभग सन् १७३१ से १७९९ तक) बँगलौर की लम्बाई २०००० गज तथा चौड़ाई ७५० गज थी।

नगर के रूप में इसका विकास वस्तुतः उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में हुआ और लगभग सवा सौ वर्ष के अल्पकाल में बँगलौर एक महानगर बन गया। इस समय बँगलौर लगभग ३० वर्ग मील क्षेत्र में बसा है जिसमें लगभग २० लाख लोग रह रहे हैं।

लगभग अर्ध शताब्दी पूर्व बँगलौर सेवा निवृत्त अधिकारियों का स्वर्ग था जो अपने खाली समय को काटने के लिये यहां की अच्छी जलवायु का आनन्द लेते हुये प्रातः संध्या यहाँ के मनोरम उद्यानों के गुलाबों की गंध सूंघते चहलकदमी किया करते थे। उन्हीं दिनों यहां कुछ खुले क्षेत्रों में नई बस्तियों का विकास हुआ जिनमें शेशाद्रि पुरम, वासवान्गुदि तथा मल्लेश्वरम प्रमुख हैं। दुर्ग के पश्चिम की ओर चामराजपेट भी विकसित हुआ जो बाद में व्यापारिक क्षेत्र में परिवर्तित हो गया।

पिछले दो महान विश्व युद्धों ने विशेषकर बाद के युद्ध ने बँगलौर के महत्व को विशेष रूप से बढ़ा दिया और उसके सामरिक महत्व की स्थिति ने तत्कालीन अंग्रेज सरकार का ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने बंगलौर को दक्षिण भारत का फौजी मुख्यालय बना दिया और वहां युद्ध बन्दियों को रखने की व्यवस्था की गयी। उसी के बाद वहाँ हिन्दुस्तान एयरक्राफ्ट फेक्टरी का निर्माण भी किया गया। इस फैक्टरी की स्थापना के साथ-साथ बँगलौर ने एक नये औद्योगिक युग में प्रवेश किया।

मैसूर राज्य के तत्कालीन योग्य दीवान सर एम० विश्वेश्वरैया, सर मिरज़ा इस्माइल तथा माधव

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

राव के अथक परिश्रम, प्रेरणा एवं मार्ग दर्शन से बंगलौर के औद्योगिक विकास को द्रुत गति मिली और बँगलौर में एक नई औद्योगिक क्रान्ति आरम्भ हो गयी।

सर विश्वेश्वरैया ने तो नारा ही दिया था—

"औद्योगीकरण करो या समाप्त हो जाओ" (Industrialise or perish)। इन दूरदर्शी चिन्तकों के मार्गदर्शन में राज्य में नये-नये उद्योगों की स्थापना का क्रम आरम्भ हो गया।

सन १९१७ में गवर्नमेंट सन्दल सोप फैक्टरी की स्थापना हुई। सन् १९२५ में मिनर्वा मिल खुली। १९३० के बाद गवर्नमेंट इलेक्ट्रिक फैक्टरी, पोरसलीन फैक्टरी, मैसूर लैम्प वर्क्स तथा श्री कृष्णा स्पिनिंग एण्ड वीविंग मिल की स्थापना हुई। सन् १९३३ में ऐमको बैटरी का कारखाना लगा।

दूसरे विश्व युद्ध के बाद यहाँ अनेक नये कारखाने आरम्भ हुये। सन् १९४२ में रेडिओ और इलेक्ट्रिकल मैन्युफैक्चरिंग कम्पनी, सन् १९३५ में मैसूर इलेक्ट्रिकल इन्डस्ट्रीज की स्थापना हुई जहाँ बड़े विद्युत यंत्र बनते हैं।

स्वतंत्रता, प्राप्ति के अनन्तर औद्योगीकरण को काफी सहारा मिला। हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स में छोटे हवाई जहाजों के साथ-साथ लड़ाकू जहाज भी बनने लगे और आज तो उसमें वायु सेना के लिये जेट फाइटर और सुपरसानिक हवाई जहाज तक बनते हैं। १९४८ में ही इन्डियन टेलीफोन इन्डस्ट्रीज की स्थापना हुई जिसमें टेलीफोन संबंधी बड़े से बड़े यंत्र बनते हैं जिनका विदेशों को निर्यात भी किया जाता है। इसी प्रकार हिन्दुस्तान मशीन टूल्स भी तभी आरम्भ हुई। उसके बाद सन् १९५४ में भारत इलेक्ट्रानिक्स लि० की स्थापना हुई जिसमें वायरलेस का सामान तथा ट्रांसमीटर आदि बनते हैं।

तत्पश्चात घड़ी का कारखाना, न्यू गवर्नमेंट इलेक्ट्रिक फैक्टरी, मोटर इन्डस्ट्रीज कम्पनी आदि अनेक सरकारी तथा गैरसरकारी कारखाने खुले।

इसके साथ ही अनेक लघु उद्योगों की भी स्थापना हुई जिनमें हथकरघा उद्योग, सिल्क, अगरबत्ती,

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

कलात्मक वस्तुओं आदि के उद्योग प्रमुख हैं।

बँगलोर के इस अनुकरणीय औद्योगिक विकास ने यहां बेरोजगारी की समस्या को बहुत अंश में समाप्त कर दिया है। अब स्थिति यह है कि जहां सन् १९५१ में कारखानों में काम करने वालों की संख्या ४५,८७८ थी, वह अब १,०६,००८ है। अच्छे उद्योग संस्थानों की संख्या लगभग ४,००० है। लघु उद्योगों और कुटीर उद्योगों की संख्या और उनमें लगे हुये कर्मचारियों की संख्या का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है।●

हर प्रकार के आधुनिक
एवं कलात्मक

आभूषणों के लिये

राम गोपाल
राजेन्द्र कुमार

मैन्युफैक्चरिंग ज्वैलर्स एवं आर्डर सप्लायर्स
४८, पुराना नजीराबाद रोड, लखनऊ
दूरभाष : २५०८८

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

अमिट स्मृतियाँ

• लक्ष्मी निवास गुप्ता

जन्मभूमि से सत्रह सौ मील की दूरी पर मैं एक जूट की लिमिटेड फर्म पर मैनेजर नियुक्त हुआ था। भाग्य और बुद्धि ने साथ दिया और मैं स्वयं भी व्यापारी बन गया। छोटी सी उम्र में ही उस व्यापारी समाज में मेरी धाक जम गई। धन के साथ-साथ बुद्धि की भी प्रशंसा होने लगी। मैं अपनी जन्म-भूमि में वर्ष में केवल एक माह के लिए जाता था। मैं अपने-आपको सुखी समझने लगा था। क्यों न समझता ; माता-पिता व नन्हीं बहन, सब ही तो मेरे परिवार में थे। आज प्रात:काल मुझे तार मिला। तार तो मुझे नित्य ही आया करते हैं अत: कोई आश्चर्य की बात न थी। उत्सुकता से तार खोला। लिखा था— 'तुम्हारी मां सख्त बीमार है और तुमसे मिलने को आतुर है। शीघ्र प्रथम गाड़ी से आओ'।

तार पढ़ते ही आंखें तार पर ही स्थिर रह गईं। मां का चेहरा उन चन्द अक्षरों में दृष्टिगोचर होने लगा। परन्तु कुछ क्षणों में ही होठों पर मुस्कान दौड़ गई। मेरे सामने एक दृश्य खिच गया।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

तीन महीने पहिले ही की तो बात है, जब मैं घर से रवाना हुआ था तो विदा के समय माँ ने टीका निकाल, श्रीफल हाथ में देते हुए कहा था—"अन्तु ! अब मैं तेरी एक न सुनूंगी। इस बार मैं लड़की देख-कर, तुझे तार देकर बुलाकर ही रहूंगी। तुझे आना ही पड़ेगा।"

माँ की इस बात पर मैंने कहा था—"मैं अभी शादी नहीं करूँगा तू बेकार तार मत देना।"

मेरे इस जवाब पर मां कुछ नाराज हो गई थी। परन्तु वह हार कहाँ मानने वाली थी ? कहने लगी—"मैं अपनी बीमारी का बहाना बना-कर तार दूंगी। फिर तो तुझे आना ही पड़ेगा न ?"

उसकी इस हठवादिता से मैं झुंझला उठा और बोला—"अब तो मुझे हकीकत मालूम हो गई और अब तेरी बीमारी के तार पर भी न आऊँगा।"

मेरे इस नीरस उत्तर पर माँ का हृदय काँप उठा और इस कंपन से मैं भी डर गया। गले में बैयाँ डाल कर कहना ही पड़ा—"अच्छा बाबा, तेरी मर्जी। परन्तु देख, बीमारी का तार मत देना, वरना न आऊँगा।"

मेरे इस उत्तर से माँ की आँखें खुशी से छलक पड़ीं और दो गर्म-गर्म बूंदों को मैंने अपने गालों पर महसूस किया। इस बीच नन्हीं रीता ने आकर कुर्ता पकड़ लिया और हाथ पसार कहने लगी—"बैया ! मेला इनाम ?"

जेब में हाथ दिया और उस पांच वर्ष की रीता के हाथ में पाँच का नोट रखकर मैं विदा हो गया।

इन विचारों में मां की बीमारी को सन्देह में डाल दिया। विचार दो धारा में बँट गये। हृदय वास्तविकता का निर्णय न कर सका। इस द्वन्द्व युद्ध ने बेचैनी पैदा कर दी। सत्य मानकर सोचने से भी भय लगता था परन्तु मां के पास पहुंचना भी जरूरी हो गया था। सायंकाल की गाड़ी से ही रवाना होना पड़ा। ट्रेन में भी मस्तिष्क में द्वन्द युद्ध मच रहा था। जब बीमारी पर सोचता था तो यह चित्र आँखों के सामने आता था।

'रीता बिलख-बिलख कर 'मां ! मां !' चिल्ला रही होगी। पिताजी उदास हो मां के सिरहाने बैठे होंगे। मामाजी डाक्टर को बुलाने गये होंगे

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

और मां अचेतना में अन्तु ! अन्तु ! चिल्लाती होगी।' इस विचार से मेरा अन्तर कांप उठता और रोने को जी आतुर होने लगता। और उसी क्षण दूसरा चित्र सामने आता।

'माँ मुस्काती हुई दरवाजे पर मिलेगी। मैं उस पर गुस्से भरी दृष्टि से देखूँगा और कहूंगा, 'यह क्या नादानी है माँ ? मेरा तो रास्ते भर जी जलता आया है। यह क्या मजाक है ? फिर वह मुस्कायेगी और कहेगी, चाँद सी बहू देखी है तेरे लिए। देखेगा तो जी भर जावेगा तेरा। साक्षात लक्ष्मी है।' फिर उस चन्द्र-मुखी को देखूँगा ही। न मालूम कैसी होगी वह ? यदि कल्पना की साकार मूर्ति न हुई तो साफ-साफ इन्कार कर दूंगा और फिर एक सुखद कल्पना कर मैं स्वयं से ही प्रश्न कर उठता, यदि वास्तव में ही चन्द्रमुखी हुई तो ? इस कल्पना से मुझे कुछ शान्ति महसूस होती थी।

सुखद-दुःखद के सम्मिश्रण ने मुझे बेचैन सा कर रक्खा था। गाड़ी हवा से बातें कर रही थी। तेजी गड़गड़ाहट में मैं किसी भी निश्चय पर न पहुंच पाता था। स्टेशन आया, फिर घर का चौराहा आया और घर

के दरवाजे पर पहुंचते ही आँखों के सामने जो दृश्य उपस्थित था, उसका बयान करते हुए मेरी लेखनी काँप रही है।

मकान के चबूतरे पर कई आदमी जमा थे। सफेद व जीरये रंग के साफे व पगड़ी से पहिचानने में न आ रहे थे। दाढ़ी-मूछ सफाई किये हुए नातेदारों ने मेरी टैक्सी को घेर लिया। मानों मेरे सामने यमदूत खड़े हों। पिताजी 'बेटा !' कहकर रो पड़े थे। नन्ही रीता 'भैया! भैया !' कह बिलख कर मेरी टाँगों से चिपक गयी थी। मेरी सुखद कल्पनाओं पर दुःखद कल्पनाओं ने विजय पा ली थी। उस दृश्य को देखकर मैं अपने को न रोक सका, वेदना से भरा हुआ हृदय

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

चीत्कार कर उठा और मैं भी रीता की तरह बिलख कर रो पड़ा। उस समय के मस्तिष्क के उबालों का वर्णन सामर्थ्य से बाहर है।

मां के शव का शृंगार किया जा रहा था। मैं मन्त्रमुग्ध सा अपनी उस स्नेहमयी मां के निर्जीव चेहरे को निरख रहा था। जीवित अवस्था से भी उस समय वह मुझे अधिक सुन्दर लग रही थी। मैं भ्रम में पड़ा हुआ था। मैं कहीं स्वप्न तो नहीं देख रहा हूं। मुझे अपनी आंखों पर विश्वास न हुआ। मैंने अपनी आंखों को हाथ से मसल कर देखा। मानों मां मुस्कराती हुई कह रही थी, अन्तु ! अन्तु ! अब.....।'

मैं चीख पड़ा और शव से लिपट गया। उस समय कितने आदमियों ने मुझे पागल की तरह जकड़ लिया, इसका मुझे भान नहीं।

'हरीनाम सत्य है' की ध्वनि से अर्थी जलूस के साथ ले जायी जा रही थी, मानों लोग मेरी मां की जय-जयकार कर रहे हों। अपनी प्रियनेत्री को सवारी पर न ले जाकर लोगों ने कन्धों पर उठा लिया हो। मां के इस सम्मान पर मैं गर्वित हो उठा। कितना हृदय-विदारक सम्मान था यह, जिसे देख आखें ही नहीं हृदय भी रो पड़ता था।

श्मशान पर एक पांच फिट लम्बी वेदी पर हवन हो रहा था। मैं उस दृश्य को अपनी आंखों से देख रहा था कुछ दर्शक मेरे समीप ही खड़े हुए थे। मेरे कानों में कुछ काना-फूसी की सी आवाज आई। एक कह रहा था—"अब तो हरिशंकरजी को शादी कर लेनी चाहिए। लड़के का क्या है, वह तो जवान है, उसके लिए लड़कियों की कौन सी कमी है। ५२ वर्ष की उम्र है, कच्ची गृहस्थी है, आखिर बुढ़ापे में सेवा करने वाली और गृहस्थी को संभालने वाली तो होनी ही चाहिए अन्यथा गृहस्थी को बिगड़ते क्या देर लगती है।

दूसरे ने उत्तर दिया—"हां है तो ठीक। बड़ी उम्र में वैसे तो लड़की कोई नहीं देता। पर शायद रामकरण जी की लड़की से सम्बन्ध पट जावे।"

इसकी राय दूसरे को भी जँची। 'शादी तो होगी ही जी।' इन शब्दों ने मुझे चौंका दिया। यह क्या ? अरे हां ! सच ही तो है। मां ने

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

शादी के लिए ही तो शृंगार बनाया था। यह वेदी भी तो शादी की ही है। वेदी को यह बराती ही तो घेरे हुए हैं। शादी के अवसर पर यदि शादी की बात ही न की जावेगी तो क्या मातम की बातें होंगी ! छी ! छी ! मैं चिल्ला उठा और दुल्हन को देखने के लिए वेदी की तरफ दौड़ा। लेकिन फिर आदमियों ने मुझे पागल की तरह जकड़ लिया। बस मुझे इतना ही याद है। लोग कहते हैं मैं वास्तव में पागल हो गया था और छः - सात महीने तक शादी-शादी चिल्लाता रहा था।

× × ×

परन्तु आज एक वर्ष पश्चात् ही मुझे फिर मां मिल गई थी। यह उन्हीं रामकरणजी की लड़की थी जिन्होंने अपनी गरीबी की लाज एक बूढ़े दामाद को लड़की देकर बचायी थी। जैसी साक्षात लक्ष्मी को मैं पत्नी रूप में साकार चाहता था वह मुझे मां के रूप में मिली। कैसा भाग्यशाली था मैं ! मेरी फिर विदाई का समय आया। मां ने अपनी से ड्यौढ़ी उम्र वाले पुत्र के तिलक लगाया। मैं भी चरणों में झुक गया किन्तु पुरानी मां की तरह न तो इस सां ने मुझे कुछ कहा ही और न मैं गले में बैंयाँ ही डाल सका। इस अन्तर से मैं सहम-सा गया। आज विदा के समय रीता भी वहां न थी ! मैंने महसूस किया कि अब मैं इस घर के लिए दूसरा हो गया हूं। ठेस लिए मैं फिर सत्रह सौ मील की यात्रा पर चल पड़ा।

पहिले ही तार और पत्रों द्वारा मुझे अपने व्यवसाय की दशा का ज्ञान हो चुका था। जूट के भाव काफी गिर चुके थे। गोदाम में पड़े माल की पूंजी आधी रह गई। लेन-देन के आँकड़े को देख मैं घबरा गया।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

परन्तु मैंने हिम्मत न हारी। मुझे आशा थी कि मैं अपनी परिस्थिति को वापस ही काबू में ले लूंगा। ज्यों ज्यों मैं अपने घाटे को पूरा करने की कोशिश करता त्यों - त्यों ही घाटा अधिक बढ़ता जाता। दलाल लोग कहते —"बाबू ! अभी आप से भाग्य रूठा हुआ है, कुछ दिनों के लिए व्यापार बन्द रखो।" इस बात पर मैं दलालो पर खीझ उठता और कहता—"भाग्य क्या होता है ? आलसी और मूर्खो का एक बहाना होता है। अपनी बुद्धि पर भरोसा रख यदि कर्त्तव्य करता जाये, तो भाग्य को अपने आप दौड़कर आना पड़ेगा।"

वह लोग गर्दन हिलाकर चले जाते। परन्तु दरअसल गल्ती पर मैं ही था। भाग्य के बगैर आसरे इस संसार में कुछ नहीं हो सकता। अभाग्य में संकट चारों तरफ से घेरे डालता रहता है। भाग्य में चैन सब प्रकार से घुस आता है। इसकी लीला को तो केवल ईश्वर ही जानता है उल्टा पाँसा पड़ने के कारण अब लोग मुझे नादान कहने लगे थे। चतुराई की उपमा समाप्त हो गयी थी। कर्ज ने मुझे बेईमान का खिताब दिला दिया और इस प्रकार मैं उन भाग्य के खिलाड़ी समाज में असम्मानित बन गया। मुझे जन्मभूमि छोड़े तीसरा बर्ष था। पिताजी के पत्र बराबर मिलते रहते थे परन्तु उन पर ध्यान देने का अवसर ही नहीं मिला। चिन्तित मस्तिष्क में केवल चिन्ता ही प्रधान होती है। आज अचानक पिताजी की बीमारी का तार मिला। मस्तिष्क मे फिर उबाल शुरू हो गया। मैं जाने के बारे में कोई निश्चय न कर सका परन्तु दो दिन पश्चात ही एक पत्र मिला। पत्र नई माँ का था।

अन्तु !

स्नेह-आशीष !

मां बनने के पश्चात यह मेरा प्रथम पत्र ही है, जो मैं तुम्हें लिख रही हूं। यद्यपि अवस्था में तुम मुझ से काफी बड़े हो तथापि पद के लिहाज से मुझे तुम्हें केवल अन्तु ही सम्बोधन करना पड़ा है। बुरा न मानना। मैंने यह कभी सोचा ही न था कि मां से भी बड़ा कहीं बेटा होता है ? परन्तु इन अनहोनी को भी मानव होनी का रूप दे ही देते हैं। कैसा नाटक है इस संसार का !

तुम्हारे पिताजी की अस्वस्थता दिन ब दिन बढ़ती देख मुझे बाध्य

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

होकर तुम्हें तार व पत्र लिखना पड़ा है। जब से मैं तुम्हारे घर आई हूं, तब से ही मैंने उनका स्वास्थ्य खराब देखा है। सौभाग्य से सेवा का अवसर मिलता रहा है। परन्तु न मालूम विधाता को क्या मंजूर है, जो स्वास्थ्य सुधरने के बजाय बिगड़ता ही जा रहा है?

रीता दस वर्ष की उम्र में ही इतनी समझदार हो गई है कि मुझे अब तक भी केवल मेहमान ही समझती है। तुम ही बताओ अन्तु! इतनी व्यथा ही मेरे लिए क्या कम है? खैर, मैं तुमसे अनुरोध करती हूं कि एक बार तुम अपनी इस नई मां पर तरस खाकर अवश्य आ जाओ।

बस इतना ही लिखूंगी!
प्रतीक्षा में तुम्हारी "माँ"

पत्र पढ़कर मैं द्रवित हो गया। एक-एक शब्द में विवशता को करुणा के आवरण में किस प्रकार छिपाया था। मैं अपने-आप को न रोक सका और फिर मातृ-भूमि को चल पड़ा।

घर पहुंचते ही दरवाजे पर रीता मिली। मुझे देखते ही खिल उठी। परन्तु मैं रीता को देखकर सहम गया। कैसी गंभीरता भर गई थी उसके चेहरे पर। 'भैया! मेला इनाम' माँगने वाली रीता और आज की रीता में कितना अन्तर हो गया था! केवल पाँच वर्ष में ही चंचलता का इतना बड़ा परिवर्तन! मुझे आश्चर्य हो रहा था! हम दोनों पिताजी के कमरे में दाखिल हुए। मां उगालदान लिए उन्हें उल्टी करा रहीं थीं। एक हाथ में उगालदान था, दूसरे से पिताजी की कमर सहला रही थीं। मैंने एक दृष्टि पिताजी पर और दूसरी मां पर डाली। मां की आँखों में विवशता को सन्तोष के आवरण में, और पिताजी की आंखों में अपराध को पलकों की झुकावट में महसूस किया। यह भी जीवन का एक अमिट दृश्य था! मुझे देख पिताजी रो पड़े। मुझसे भी न रहा गया। आंसू टपक ही पड़े।

आज पिताजी को संतोष था। मैंने समझा अब वह ठीक हो जावेंगे। रीता उनका सर दबा रही थी। मैं भी उनके समीप ही बैठा हुआ था। इसी बीच मां आ गई। उन्होंने मां को भी इशारे से बैठने को कहा और वह भी मेरे समीप आकर खड़ी हो गई। अब पिताजी मनसद के सहारे बैठ गये और कहने लगे—"बेटा!

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

बुढ़ापे की सठी हुई बुद्धि ने, बुढ़ापे में शादी करवा के मेरे जीवन में एक ऐसी भयंकर भूल करवाई है जिससे मृत्यु के पश्चात भी शान्ति न मिलेगी। मैंने शादी करके इस बाला का ही नहीं बल्कि रीता और तुम्हारा भी जीवन नीरस और बर्बाद कर दिया। परन्तु अब क्या हो सकता है। जो होना था वह हो चुका। अब तो केवल, बेटा मैं यही चाहता हूं कि मेरे मरने के पश्चात तुम इस अपनी नई मां में और रीता में कोई अन्तर मत समझना।"

पिताजी के इन शब्दों से मैं चीख उठा—"पिताजी ! यह क्या कह रहे हैं आप ? शायद बीमारी ने आपकी सोचने की शक्ति को समाप्त कर दिया है। मां जैसी पूज्या को भगिनी का स्थान दिला आप मां का अपमान कर रहे हैं।"

पिताजी मेरी इस चीख पर गम्भीर हो गये। उनकी इस गंभीरता ने मुझे चुप रहने को मजबूर कर दिया। मां मेरी ओर तथा पिताजी की ओर बारी-बारी से देख रही थी। पिताजी फिर कहने लगे—"अन्तू ! शादी करते समय अग्नि की साक्षी और मन्त्रों के उच्चारणों द्वारा निश्चय ही यह तुम्हारी मां बन चुकी थी ! परन्तु इसके पश्चात मेरे मन ने इसे लड़की बनाने का संकल्प कर लिया। मानव हृदय के संकल्प की दृढ़ता के आगे जब ईश्वर को ही झुक जाना पड़ता है तो अग्नि की साक्षी और मंत्रों के उच्चारण का महत्व ही क्या रहता है ? पिताजी के इस तर्क और इस अनोखे संकल्प ने उनकी महानता में चार चांद लगा लगा दिये। परन्तु इसी बीच उन्हें एक जोर की उल्टी हुई और वे बेदम होकर एक ओर लुढ़क गये। हमारे देखते-देखते ही उनकी जीवन-लीला समाप्त हो गई। मेरा अन्तर जोर से फूट-फूट पड़ा।

औरतों और मर्दों का एकत्रित होना आरम्भ हुआ। कुछ स्त्रियां मेरी नई बहिन के हाथों को पकड़ ; पत्थर से वार करना ही चाह रही थीं कि रीता ने उन्हें रोक लिया। कुछ स्त्रियों ने रीता को पकड़ना चाहा। वह भैया ! भैया ! कह कर जोर से चिल्ला पड़ी। रीता की चिल्लाहट से मैं दौड़कर भीतर आया और उस दृश्य को देख फौरन ही अपनी नई बहिन को उन लोगों के

(शेष पृष्ठ ३२ पर)

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

गीत

लहरों में भी मैं बह लूंगा

• धर्म चन्द्र वर्मा 'धर्म'

आँसू दो या दो मुस्कानें
जो भी दोगे मैं गह लूंगा।

मैंने तुमको प्यार किया है,
तुमसे ही युग-युग का नाता।
मेरे मन का प्राण पपीहा,
निशिदिन तेरे ही गुन गाता।
छोड़ो तट पर या धारों में,
लहरों में भी मैं बह लूंगा।

सिर्फ तुम्हारी खुशी चाहिए,
अपने सुख की चाह नहीं है।
मन के गम की गहराई को,
क्या बतलाऊं ? थाह नहीं है।
दुख पीकर भी सच कहता हूं,
संग तुम्हारे मैं रह लूंगा।

तुम अपने आंचल का केवल,
मुझको देते रहो सहारा।
अपने नयनों के दर्पण में,
चित्र बसाये रहो हमारा।
आने वाली हर बाधाओं,
को हंस-हंसकर मैं सह लूंगा।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

हमारी प्रसिद्ध
मिठाइयाँ
विदेशों को भी
जाती हैं

शुद्ध देशी घी से निर्मित
उच्चकोटि की मिठाइयों
एवं
फलों के उत्कृष्ट मुरब्बों
के लिये पधारें

मे० राम आसरे

बानवाली गली, चौक
लखनऊ
फोन : ८२३७७ तथा ८२२६३

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

कोणार्क और खजुराहो की युगल मूर्तियां

कँवर लाल

खजुराहो (मध्य प्रदेश) और कोणार्क (उड़ीसा) के विश्व-विख्यात मंदिरों के किसी एक पक्ष के बारे में भी पूरी जानकारी इस छोटे से लेख मे दे पाना बिषय के साथ अन्याय होगा। किन्तु शब्दों में उलझ कर समय नष्ट करने के बजाय हम सबसे पहले यह बिचार करें कि लोग वहां क्या देखने जाते हैं। फिर, वे वास्तव में क्या देखते हैं, इसका यथासम्भव संक्षिप्त वर्णन करेंगे और अन्त में इस बात को समझाने की कोशिश की जाएगी कि इन मन्दिरों की भित्तियों पर 'मानव की गोपनीय बातें' क्यों खुदी हुई हैं।

खजुराहो में लगभग २० स्मारक हैं, जिनमें से कुछ समूचे हैं और कुछ टूटे हैं। इनमे सबसे पुराना स्मारक है चौंसठ योगिनी। यह स्मारक आठवीं-नवीं शताब्दी की है। अन्य मन्दिरों का निर्माण चन्देला साम्राज्य द्वारा ९५० ई० से ११०० ईसवी तक के लगभग डेढ़ सौ साल

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

में किया गया था। ये मन्दिर नागर शैली के हैं और उत्तर भारत में मध्य काल में बने अन्य मन्दिरों के समान हैं। हाँ, इनकी अपनी विशिष्टता है, जिसके कारण ये आसानी से अन्य मन्दिरों से अलग पहचाने जा सकते हैं। चंदेला के कलाकारों ने उस शिखर नाम से विख्यात वास्तुकला तथा मूर्तिकला की सयुक्त निर्माण-पद्धति का विकास किया था। स्तम्भों पर कंगूरे के ऊपर कंगूरा बना देने से ऐसा आभास होता है कि ऊंचाई बहुत अधिक हो गई है, किन्तु वास्तव में ढांचे बहुत ऊंचे नहीं होते। शैली की दृष्टि से ये चदेला मंदिर उस समय के हैं, जब वास्तुकला और मूर्तिकला में कोई अन्तर नहीं रह जाता। यही कारण है कि दर्शक को अलग से मूर्तियाँ लगाए जाने का आभास नहीं हो पाता। प्रत्यक्षत: ये मूर्तियां विकास के इतिहास का वर्णन करती हैं। वनस्पति जगत से शुरू होकर मूर्तियाँ पशु और मानव जगत पर प्रकाश डालती हुई देवी-देवताओं तक पहुंचती है।

खजुराहो के मंदिरों में आम दर्शक कामोद्दीपक मूर्तियां देखने की आशा लेकर जाता है। यद्यपि अनेक मन्दिरों में काम सम्बन्धी प्रतिमाए हैं और जिन मन्दिरों में ऐसी मूर्तियाँ हैं, वहां भी अन्य मूर्तियों की तुलना में उनकी संख्या बहुत कम है, फिर भी यह सच है कि अधिकांश दर्शकों का मुख्य आकर्षण मिथुन प्रतिमाएं हैं, जिनमें स्त्री-पुरुष को संभोग अवस्था में दिखाया जाता हैं। कन्दरिया, महादेव, वक्षभान, देवी जगदम्बा, चित्रगुप्त, विश्वनाथ, दुलादेव, पार्श्वनाथ आदि मन्दिरों में ऐसी ही प्रतिमाएं हैं। मिथुन प्रतिमाएं देवी देवताओं को लेकर भी बनाई गई है, किन्तु इन मूर्तियों में आलिंगन की मर्यादा से आगे बढ़ने की चेष्टा नहीं की गई है। अश्लीलता केवल मनुष्यों और पशुओं की मूर्तियों में ही विद्यमान है। इन मूर्तियों में काम की निम्नतम स्थिति देखने को मिल सकती है। काम की पाशविक और अनुचित क्रियाओं को चित्रित करने वाली मूर्तियाँ भी हैं।

जो कुछ खजुराहो मन्दिर के बारे में कहा गया है, वही बात कोणार्क के सूर्य मन्दिर के बारे में भी लागू होती है। यह मन्दिर उड़ीसा के समुद्र तट पर स्थित है।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.



सूर्य मंदिर, कोणार्क की उत्कृष्ट कला—>

सूर्य मन्दिर खंडहर के रूप में विद्यमान है। यह मन्दिर शायद पूरे भारत का सबसे अधिक समृद्ध खंडहर है। कुछ लोगों का कहना है कि यह मन्दिर पूरा नहीं बना था, क्योंकि इसके निर्माण की योजना इतनी विशाल थी कि उसे क्रियान्वित कर पाना असंभव था और ऊपर के ढांचे इतने विस्तृत और भारी थे कि ये नीचे के ढांचे उनका वजन ही नहीं संभाल पाए। कुछ लोगों का विचार है कि इसका निर्माण तो पूरा कर लिया गया था, किन्तु मूर्तियां अश्लील होने के कारण यह जल्दी ही खंडहर में बदल गया। यह मन्दिर पूर्वी गंगा साम्राज्य ने मुसलमानों पर अपनी विजय के उपलक्ष्य में १२५० ई० में बनवाया था। पौराणिक वर्णनों के

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

अनुसार यह मंदिर कृष्ण के पुत्र शम्ब ने बनवाया था। कृष्ण ने अपने रनिवास की महिलाओं अर्थात् माताओं पर कुदृष्टि डालने के लिए शम्ब को कोढ़ी होने का अभिशाप दे दिया था। शम्ब सूर्य भगवान की आराधना से स्वस्थ्य हो गया और उसने अपने इष्ट देव का मन्दिर बनवाया। कुछ लोगों के मतानुसार इस मंदिर में बनी काम-सम्बन्धी मूर्तियां उसी रनिवास की क्रियाओं को अभिव्यक्त करती हैं, जिनसे शम्ब की कहानी भी जुड़ी हुई है। एक अन्य व्याख्या के अनुसार ये मूर्तियाँ पृथ्वी पर होने वाली उन सभी क्रियाओं को अभिव्यक्त करती है जिन्हें सूर्य देव देखते हैं। जब सूर्य की दृष्टि से कुछ भी छुपा नहीं रह सकता और काम-क्रिया भी मानवीय कार्य-कलापों का अंग है तो इसे गुप्त क्यों रखा जाए? मंदिर रथ के आकार में बनाया गया था। यह रथ सूर्य का रथ है। इसमें २४ चक्र दोनों ओर बारह-बारह हैं और सात घोड़े जुड़े हुए हैं। यह मन्दिर भारत के भव्यतम स्मारकों में गिना जाता है। कल्पना एवं निर्माण, दोनों दृष्टियों से उसकी भव्यता उल्लेखनीय है। ये मूर्तियाँ उत्तम कोटि की हैं। काम-सम्बन्धी मूर्तियों के अलावा असंख्य अन्य मूर्तियाँ भी बहुत प्रभावशाली ढंग से निर्मित की गई हैं। कामुक मुर्तियाँ सभी तरह से खजुराहों की मूर्तियों की भांति आकर्षक हैं, बल्कि उन्हें अधिक सशक्त रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह कलात्मक अतिशयोक्ति है अथवा यथार्थ चित्रण, इस बारे में लोगों में मतभेद हैं।

इन दोनों मन्दिरों की काम सम्बन्धी मूर्तियों की तुलना कर पाना सरल नहीं है। यह तो अपनी विशिष्ट सुन्दरता, व्यक्तित्व और हाव-भाव लिए हुए दो बहनों में तुलना करने के समान है। दोनों स्थानों पर काम-मूर्तियां आकर्षक हैं तथा अन्य मूर्तियों की ही भाँति ललित एवं प्रभावशाली हैं।

कुछ आलोचकों के मत में कोणार्क की मूर्तियाँ स्थायी महत्व की हैं और खजुराहो की मूर्तियां ह्रासोन्मुखी शैली की हैं। खजुराहो की सक्षमता भी है, किन्तु सब मिलाकर खजुराहो की मूर्तियाँ कोणार्क की मूर्तियों की तुलना में निम्न स्तर की आँकी जाती हैं।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

यहाँ पर मन्दिरों पर काम-सम्बन्धी मूर्तियाँ बनाने के बारे में स्पष्टीकरण या व्याख्या की सूची प्रस्तुत करना भी सम्भव नहीं है। इस विषय पर अनेक पुस्तकें लिखी जा सकती हैं और लिखी भी गई हैं। एक ओर तो यह कहा जाता है कि यह उस युग के नैतिक मूल्यों के पतन को अभिव्यक्त करती हैं, जिस युग में ये मूर्तियां बनाई गई थीं। इसलिए सम्पूर्ण काम-शास्त्र को इन मूर्तियों में चित्रित किया गया है। दूसरी ओर कुछ लोगों का कहना है कि ये मूर्तियां महासुख और महा-निर्वाण तांत्रिक दर्शनों पर आधारित हैं।

मैं यह भी बताना चाहूंगा कि पिछले २५ वर्षों में इन मूर्तियों के रख-रखाव और रक्षा के लिए क्या कुछ किया गया है और यहाँ आने वाले पर्यटकों के लिए क्या सुविधायें जुटाई गई हैं।

खजुराहो में मंदिरों की रक्षा के लिए तकनीकी पद्धतियों तथा रासायनिक उपायों के कार्यक्रम शुरू

किए गये हैं। इससे कुछ मंदिरों को नया रूप और एक प्रकार से नया जीवन मिल गया है।

कोणार्क का सूर्य मंदिर सदियों से उपेक्षित रहा, इसलिए उसकी रक्षा के लिए खजुराहो के मुकाबले अधिक ध्यान देने की आवश्यकता थी। अंग्रेजों द्वारा जगमोहन के प्रवेश द्वार बंद करने जैसे उपाय अपनाने से ढांचे को नुकसान पहुंचा था। अब वहां से रेत और पत्थरों के कुछ हिस्से को हटा लिया गया है और वहाँ के आने-जाने की व्यवस्था की गई है।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

HOTEL
SHANTI NIVAS

5-4-423/8 Station Road, Nampally
HYDERABAD

Phone : 46588 Grams : SHANTI

For Comfortable Stay
Rooms with Bath Attached

Ad/Foc

Buy the best

NATURE'S GOODNESS PACKED IN BOTTLES

HUBARA

Grape Squash, Guava Jelly, Hot Mango Pickle in Oil
Sweet Mango Chatni, Pulav Paste & Vindaloo Paste

●

Mysore Food Processing & Canning Co. Pvt. Ltd.

47, Viviani Road, BANGALORE - 560005

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

बँगलौर में ठहरने के सस्ते स्थान

राय बहादुर थोटाडप्पा चैरिटीज, सिटी स्टेशन के निकट

भवानी कल्याण निलय, ईस्ट अन्जनेय मंदिर रोड गाँधी बाजार

अम्बा भवानी कल्याण मंदिर, गांधी बाजार

आर्य क्षत्रिय सेवा संघम धर्मशाला, रंगास्वामी मंदिर स्ट्रीट

बाला त्रिपुरा सुन्दरी कल्याण मंडप, ११ वां क्रास, छठा मेन, मल्लेश्वरम

चन्द्रशेखर भारती कल्याण मंदिर, पम्पा महाकवि रोड, शंकरापुरम

देवांगा चौल्ट्री, गवीपुरम, गुटाहल्ली

पुल्लम्मा कल्याण मंदिर, चौथा मेन रोड, गाँधीनगर

सिन्धी धर्मशाला, ९३४, नागरपेट

सिन्धी धर्मशाला, केम्पेगोडा रोड क्रास

सी० आर० वीरभद्रप्पा चौल्ट्री, चिकपेट

राजराजेश्वरी कल्याण मंडप, निकट पोस्ट आफिस, दूसरा ब्लाक, राजाजीनगर

श्री कनक कल्याण मंदिर, डोमलुर

शिवाजी चौल्ट्री, १६४, नारायण पिल्लै स्ट्रीट

—●—

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

(पृष्ठ २२ का शेष··· अमिट स्मृतियाँ)

पंजे मे छुड़ा एक तरफ खींच लाया। वह सब पलक झपकते ही हो गया। बहिन रो रही थी। स्वामी कहकर नहीं बल्कि पिताजी सम्बोधन करके। परन्तु उसकी आवाज को कौन सुनता था। इस घटना से औरतों में हगामा मंच गया। खबर मर्दों तक पहुंची। मुझसे न रहा गया और मैंने सारी हकीकत उन समाज के ठेकेदारों के सामने रख दी परन्तु मेरी बातों पर किसी ने भी गौर नहीं किया और न ही कोई इस नवीनता पर राजी हुआ। यहाँ तक कि वह लोग पिताजी के शव को वैसे ही छोड़ वापस लौट गये। कितना दारुण दृश्य था वह। कुछ युवकों ने साथ दिया। अर्थी उठाई गई। श्मशान भूमि में उसी तरह वेदी द्वारा दाह संस्कार हुआ और क्रियाकर्म के सब ही रिवाज पूरे किये गये।

× × ×

भाग्य ने साथ दिया, परन्तु समाज ने दुत्कार दिया। अब मैं अपनी नई बहिन की शादी करने की सोचने लगा। मेरे एक वकील मित्र ने मेरा साथ दिया और आज वह दोनों गठबन्धन मे बँध गये। मेरे विचारों पर एक प्रतिष्ठित-निर्धन खानदान के स्वामित्व का भार आ गया और इस विवाह के समर्थन के लिए कटिबद्ध हो गया। रीता अभी पढ़ ही रही है इसलिए उसकी मुझे चिन्ता नही।

श्रीमतीजी के सो जाने पर, जब मैं रात्रि की उस नीरवता में विचारों में खो जाता हूं तो यह अमिट-स्मृतियाँ मेरे मस्तिष्क में एक-एक करके चक्कर लगाती हैं और शान्ति के लिए लेखनी लेकर इन्हें लिखने बैठ जाता हूं। ●

Hindustan live Products

C—343, Peenya Industrial Estate, BANGALORE—562140

PRESENT

Spring-Loaded Spiral Gravity Self Closing/opening

JANATA LIVE HINGES

AND ALSO AS

Pull—Push Type, Animal—Proof

FARM / GRADEN GATE CLOSERS

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE